NEWS HIMACHAL24

WWW.NEWSHIMACHAL24.COM

Himachal Pradesh 29 January, 2026

सी एस यू में दो दिवसीय रूपक (नाटक) महोत्सव का हुआ शुभारम्भ

परागपुरः अमित वालिया

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में गुरुवार के दिन उत्तर क्षेत्रीय रूपक महोत्सव का उद्घाटन सत्र सम्पन्न हुआ।
दो दिन चलने वाले इस नाटक महोत्सव के पहले दिन मुख्यातिथि के रूप में पद्मश्री सम्मानित एवं संम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के पूर्व कुलपति प्रो. अभिराज राजेन्द्र मिश्र शामिल हुए।उन्होंने कहा कि संस्कृत के विना भारत की कल्पना भी नहीं की जा सकती, एवं सम्पूर्ण भारतीय एवं विश्वसंस्कृति संस्कृत पर ही आश्रित है। यदि भारतीय संस्कृत एवं संस्कृत का विकास अवरुद्ध होता है तो यह सम्पूर्ण विश्व के लिए ही खतरे की घण्टी की तरह है, उन्होंने भारत के विभिन्न राज्यों से नाट्यमंचन के लिए आये हुए प्रतिभागी छात्रों को भी शुभकामनाएं प्रदान कीं तथा इस वेद व्यास के जुडी हुई अनेक पुरानी स्मृतियों को भी सांझा किया।

वहीं विशिष्टातिथि के रूप में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के भोपाल परिसर से साहित्य विभाग के अध्यक्ष प्रो. सनन्दन कुमारी त्रिपाठी ने शिरकत की व साहित्य नाट्य कला इत्यादि के क्षेत्र में छात्रों को प्रतिभाग करने तथा विशेषकर संस्कृत नाटकों के मंचन के लिए भी प्रेरित किया।

वहीं सारस्वततिथि के रूप में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के एकलव्य परिसर त्रिपुरा से भी साहित्य विभाग के अध्यक्ष प्रो.सुशान्तराज उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता वेद व्यास परिसर बलाहर की निदेशिका प्रो.सत्यम कुमारी ने की तथा कार्यक्रम संयोजिका प्रो. मोहिनी अरोड़ा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि बलाहर परिसर में संस्कृत के नाटकों का मंचन भारत के अनेक राज्यों से आये हुए कलाकार छात्रों के द्वारा हो रहा है जिसके कि संस्कृत का संवर्धन एवं प्रचार प्रसार व्यापक रूप से हो रहा है।

उद्घघाटन सत्र के उपरान्त दीवान कृष्ण किशोर आदर्श संस्कृत महाविद्यालय अम्बाला के छात्रों द्वारा नाट्यप्रस्तुति की गई। जिसका सभी दर्शकों ने अत्यन्त सहृदयता से दर्शन किया।
इसके बाद के.स.वि.गङ्गानाथ झा परिसर प्रयागराज के नाट्य प्रतिभागियों द्वारा अर्जुन उर्वशीयम् इस संस्कृत नाटक का मंचन किया गया उनकी प्रस्तुति अतीव सराहनीय एवं मनमोहक थी।इसके अलावा बाकी प्रतिभागियों का प्रदर्शन शुक्रवार को किया जाएगा।इस अवसर पर वेदव्यास परिसर के समस्त शिक्षक,गैर शिक्षक कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

अमर उजाला

Kangra

08-02-2026

कांगड़ा

amarujala.com

पहले सेमेस्टर में गोपालकृष्ण विवि में अव्वल

रक्कड़ (कांगड़ा)। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर के शिक्षा शास्त्र विभाग (बीएड) के पहले और तीसरे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (मुख्यालय) के परीक्षा विभाग की ओर से घोषित कर दिया गया।

इसमें केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के 10 परिसरों में से बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर के बीएड विभाग के पहले सेमेस्टर के छात्र गोपालकृष्ण समूचे विश्वविद्यालय में पहले स्थान पर रहे। वहीं, वेदव्यास परिसर की ही छात्रा लती देवी दूसरे और कंचन शर्मा, सूजल, चंद्रेश कुमारी और पल्लवी तीसरे स्थान पर रहे।

वेदव्यास परिसर के बीएड विभाग के प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. सत्यदेव ने बताया कि तीसरे सेमेस्टर के विद्यार्थी प्रियांशु, शालनी, मनालिका, शीतल और यशपाल समूचे विश्वविद्यालय में पहले स्थान पर रहे। वहीं, आशिमा कुमारी, कंचन, वेदप्रभा, अंकुर कुमार, आंचल, आशा कुमारी, अरविन और अंशुल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

मनोज कुमार, गौरव और विशाली तीसरे स्थान पर रहे। परिसर की निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी और सहनिदेशक प्रो. मंजूनाथ भट्ट और परिसर के समस्त प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने वेदव्यास परिसर के साथ-साथ विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। संवाद

वेदव्यास परिसर के बीएड विभाग के होनहारों का जलवा

बनखडी, परागपुर। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर के शिक्षा शास्त्र विभाग बीएड विभाग के पहले व तीसरे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय ;मुख्यालयद्ध के परीक्षा विभाग द्वारा घोषित कर दिया गया। जिसमें केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के 10 परिसरों में से बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर के बी एड विभाग के पहले सेमेस्टर के छात्र गोपालकृष्ण समूचे विश्वविद्यालय में पहले स्थान पर रहे। वहीं वेदव्यास परिसर की ही छात्रा लती देवी दूसरे व कंचन शर्मा, सूजल, चंद्रेश कुमारी व पल्लवी चारों छात्र छात्राएं तीसरे स्थान पर रहे। वेदव्यास परिसर के बी एड विभाग के प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ सत्यदेव ने बताया कि तीसरे सेमेस्टर की छात्रा प्रियांशु, शालिनी, मनालिका, शीतल व यशपाल समूचे विश्वविद्यालय में पहले स्थान पर रहे। वहीं आशिमा कुमारी, कंचन, वेदप्रभा, अंकुर कुमार, आंचल, आशा कुमारी, अरविन व अंशुल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।वहीं उन्होंने बताया कि मनोज कुमार, गौरव व विशाली देवी तीसरे स्थान पर रहे। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के निदेशक प्रो सत्यमकुमारी व सहनिदेशक प्रो मंजूनाथ भट्ट के व परिसर के समस्त प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में इन छात्रों ने उत्तम श्रेणी प्राप्त कर वेदव्यास परिसर

समूचे विश्वविद्यालय में टॉप पर रहे वेदव्यास परिसर के बी. एड. विभाग के छात्र-छात्राएं

सवेरा न्यूज/गगन सूद/प्रदीप ठाकुर

प्रागपुर,रक्कड़,6 फरवरी : केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर के शिक्षाशास्त्रविभाग(बी एड विभाग)के पहले व तीसरे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (मुख्यालय) के परीक्षा विभाग द्वारा घोषित कर दिया गया। जिसमें केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के 10 परिसरों में से बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर के बी एड विभाग के पहले सेमेस्टर के छात्र गोपालकृष्ण समूचे विश्वविद्यालय में पहले स्थान पर रहे। वहीं वेदव्यास परिसर की ही छात्रा लतीदेवी दूसरे व परिसर के बी एड विभाग के प्रभारी विभागाध्यक्ष डा.सत्यदेव ने बताया कि तीसरे सेमेस्टर की छात्रा प्रियांशु,शालनी, मनालिका, शीतल व यशपाल समूचे विश्वविद्यालय में पहले स्थान पर रहे। वहीं आशिमा कुमारी, कंचन, वेदप्रभा, अंकुर कुमार, आंचल, आशा कुमारी, अरविन कपू व अंशुल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं उन्होंने बताया कि मनोज कुमार, गौरव व विशाली देवी तीसरे स्थान पर रहे। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेदव्यास परिसर की निदेशक प्रो.सत्यमकुमारी व सहनिदेशक प्रो मंजूनाथ भट्ट के व परिसर के समस्त प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में इन छात्रों ने उत्तम श्रेणी

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के 6 छात्रों ने जे.आर.एफ. व 2 ने की नैट परीक्षा उत्तीर्ण

एनटीए ने बीते दिसम्बर माह में करवाई थी परीक्षा

सवेरा न्यूज/गगन सूद

प्रागपुर, 8 फरवरी : केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में अध्ययनरत 1 शोधछात्रा व 7 पूर्व छात्रों ने एन. टी. ए. द्वारा विगत दिसम्बर माह में आयोजित हुई राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में सफलता हासिल की है। परिसर निदेशक प्रोफेसर सत्यम कुमारी व बी. एड.(शिक्षाशास्त्री) विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सत्यदेव ने बताया कि जे.आर.एफ.की परीक्षा में सफलता

हासिल करने वाले छात्रों में साहित्य विभाग में शोधरत छात्रा निशा देवी, पूर्व छात्रा प्रीति, दीपिका कौशल, गौरव अत्री, राहुल व शुभम भारद्वाज शामिल हैं। वहीं नेट परीक्षा में पूर्व छात्र साहिल व रितिका नेगी ने सफलता हासिल की है। सभी छात्रों की सफलता की प्रशंसा एवं उत्साह वर्धन करते हुए परिसर निदेशक प्रोफेसर सत्यम कुमारी व सहायक निदेशक प्रो मंजूनाथ भट्ट ने कहा कि वेदव्यास परिसर के लिए यह गौरव का क्षण है तथा परिसर में अध्ययनरत अन्य सभी छात्रों के लिए भी यह प्रोत्साहन का विषय है। इससे प्रेरित होकर भविष्य में भी छात्र बढ़चढ़ कर इस प्रकार की विविध राज्यस्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तरीय परीक्षाओं में भाग ग्रहण कर सफलता हासिल सकेंगे ।

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के छात्रों ने चमकाया नाम

परागपुर। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में अध्ययनरत एक शोध छात्रा व सात पूर्व छात्रों ने एनटीए द्वारा विगत दिसंबर माह में आयोजित हुई राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में सफलता हासिल की है। उक्त जानकारी देते हुए परिसर निदेशक प्रोफेसर सत्यम कुमारी व बीएड शिक्षा शास्त्री विभाग के विभागाध्यक्ष डा. सत्यदेव ने बताया कि जेआरएफ की परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले छात्रों में साहित्य विभाग में शोधरत छात्रा निशा देवी, पूर्व छात्रा प्रीति, दीपिका कौशल, गौरव अत्री, राहुल व शुभम भारद्वाज शामिल हैं। सभी छात्रों की सफलता की प्रशंसा एवं उत्साह वर्धन करते हुए परिसर निदेशक प्रोफेसर सत्यम कुमारी व सहायक निदेशक प्रो मंजूनाथ भट्ट ने कहा कि वेदव्यास परिसर के लिए यह गौरव का क्षण है।

www.punjabkesari.in

न्यूज ब्रीफ

बी.एड. परिणाम में गोपाल कृष्ण प्रथम

रक्कड़, 6 फरवरी (आनंद): केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर के शिक्षा शास्त्र विभाग (बी.एड. विभाग) के पहले व तीसरे सैमेस्टर का परीक्षा परिणाम केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (मुख्यालय) के परीक्षा विभाग द्वारा घोषित कर दिया। इसमें केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के 10 परिसरों में से बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर के बी.एड. विभाग के पहले सैमेस्टर के छात्र गोपाल कृष्ण समूचे विश्वविद्यालय में पहले स्थान पर रहे। वहीं वेदव्यास परिसर की ही छात्रा लती देवी दूसरे व कंचन शर्मा, सूजल, चंद्रेश कुमारी व पल्लवी चारों छात्र-छात्राएं तीसरे स्थान पर रहे। विभागाध्यक्ष डॉ. सत्यदेव ने बताया कि तीसरे सैमेस्टर की छात्रा प्रियांशु, शालनी, मनालिका, शीतल व यशपाल समूचे विश्वविद्यालय में पहले स्थान पर रहे। वहीं आशिमा कुमारी, कंचन, वेदप्रभा, अंकुर कुमार, आंचल, आशा कुमारी, अरविन कपू व अंशुल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि मनोज कुमार, गौरव व विशाली देवी तीसरे स्थान पर रहे। परिसर की निदेशक प्रो. सत्यमकुमारी व सहनिदेशक प्रो. मंजूनाथ भट्ट के व परिसर के समस्त प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में इन छात्रों ने उत्तम श्रेणी प्राप्त कर परिसर के साथ विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है।

आठ विद्यार्थियों ने हासिल की सफलता

परागपुर: केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में अध्ययनरत एक शोध छात्रा व सात पूर्व विद्यार्थियो ने एनटीए द्वारा दिसंबर में हुई राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में सफलता हासिल की है। परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी व बीएड (शिक्षा शास्त्री) के विभागाध्यक्ष डा. सत्यदेव ने बताया कि जेआरएफ की परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों में साहित्य विभाग में शोधरत छात्रा निशा देवी, पूर्व छात्रा प्रीति, दीपिका कौशल, गौरव अत्री, राहुल व शुभम भारद्वाज शामिल है। नेट में पूर्व छात्र साहिल व रितिका नेगी ने सफलता हासिल की है। सभी विद्यार्थियों की सफलता की प्रशंसा व्यक्त करते हुए प्रो. सत्यम कुमारी व सहायक निदेशक प्रो. मंजूनाथ भट्ट ने कहा कि वेदव्यास परिसर के लिए यह गौरव का क्षण है तथा परिसर में अध्ययनरत अन्य सभी विद्यार्थियों के लिए भी यह प्रोत्साहन का विषय है। (सस)

पंजाब केसरी
MON,09 FEBRUARY 2026
EDITION: KANGRA KESARI, PAGE NO. 1

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के 6 छात्रों ने जे.आर.एफ. व 2 ने पास की नैट परीक्षा

रक्कड़, 8 फरवरी (आनंद): केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में अध्ययनरत 1 शोध छात्रा व 7 पूर्व छात्रों ने नैट परीक्षा में सफलता हासिल की है।

उक्त जानकारी देते हुए परिसर निदेशक प्रोफैसर सत्यम कुमारी व बी.एड.(शिक्षा शास्त्री) विभाग के विभागाध्यक्ष डा. सत्यदेव ने बताया कि जे.आर.एफ. की परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले छात्रों में साहित्य विभाग में शोधरत निशा देवी, पूर्व छात्रा प्रीति, दीपिका कौशल, गौरव अत्री, राहुल व शुभम भारद्वाज शामिल हैं।

वहीं नैट परीक्षा में पूर्व छात्र साहिल व रितिका नेगी ने सफलता हासिल की है। प्रो. सत्यम कुमारी व सहायक निदेशक प्रो. मंजूनाथ भट्ट ने कहा कि वेदव्यास परिसर के लिए यह गौरव का क्षण है तथा परिसर में अध्ययनरत अन्य सभी छात्रों के लिए भी यह प्रोत्साहन का विषय है।

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के 6 छात्रों ने जे.आर.एफ. व 2 ने पास की नैट परीक्षा

रक्कड़, 8 फरवरी (आनंद): केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में अध्ययनरत 1 शोध छात्रा व 7 पूर्व छात्रों ने नैट परीक्षा में सफलता हासिल की है।

उक्त जानकारी देते हुए परिसर निदेशक प्रोफैसर सत्यम कुमारी व बी.एड.(शिक्षा शास्त्री) विभाग के विभागाध्यक्ष डा. सत्यदेव ने बताया कि जे.आर.एफ. की परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले छात्रों में साहित्य विभाग में शोधरत निशा देवी, पूर्व छात्रा प्रीति, दीपिका कौशल, गौरव अत्री, राहुल व शुभम भारद्वाज शामिल हैं।

वहीं नैट परीक्षा में पूर्व छात्र साहिल व रितिका नेगी ने सफलता हासिल की है। प्रो. सत्यम कुमारी व सहायक निदेशक प्रो. मंजूनाथ भट्ट ने कहा कि वेदव्यास परिसर के लिए यह गौरव का क्षण है तथा परिसर में अध्ययनरत अन्य सभी छात्रों के लिए भी यह प्रोत्साहन का विषय है।

योग स्पर्धा में साहिल ने पाया दूसरा स्थान

परागपुर : राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय तिरुपति (आंध्र प्रदेश) की ओर से गत दिवस आयोजित अखिल भारतीय संस्कृत विश्वविद्यालय प्रायोगिक योग प्रतियोगिता में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर बलाहर की शिक्षा शास्त्र विद्याशाखा में अध्ययनरत छात्र साहिल अत्री ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक हासिल किया है। जिला चंबा के निवासी साहिल अत्री ने इससे पहले भी कई बार वेदव्यास परिसर की ओर से योग प्रतियोगिताओं में भाग लेकर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी व सह निदेशक प्रो. मंजुनाथ भट्ट ने साहिल अत्री व उसका मार्गदर्शन करने वाले डा. दर्शनाराय सहित आठ प्रतिभागियों को शुभकामना दी। (सस)

योग प्रतियोगिता में द्वितीय साहिल प्रमाणपत्र लेते हुए● सौजन्य : संस्थान

तिरुपति में वेदव्यास परिसर का छात्र दूसरे स्थान पर

रक्कड़, 18 फरवरी (आनंद): राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय तिरुपति (आंध्र प्रदेश) द्वारा विगत दिवस आयोजित अखिल भारतीय संस्कृत विश्वविद्यालय प्रायोगिक योग प्रतियोगिता में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर बलाहर की शिक्षा शास्त्र विद्या शाखा (शिक्षा शास्त्री चतुर्थ सत्रार्द्ध) में अध्ययनरत छात्र साहिल अत्री ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक हासिल किया।

जिला चम्बा निवासी साहिल अत्री ने इससे पूर्व भी अनेक बार वेदव्यास परिसर की ओर से योग प्रतियोगिताओं में भाग ग्रहण करते हुए परिसर एवं विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर परिसर निदेशिका प्रो. सत्यम कुमारी एवं सह निदेशक प्रो. मञ्जुनाथ भट्ट ने परिसर का गौरव बढ़ाने पर साहिल अत्री एवं मार्गदर्शिका डॉ. दर्शनाराय सहित समस्त 8 प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी हैं।

रक्कड़ : प्रतिभागी को सम्मानित करते हुए सह निदेशक प्रो. मञ्जुनाथ भट्ट। (आनंद)

तिरुपति में वेदव्यास परिसर के छात्र ने चमकाया नाम

परागपुर : वेद व्यास परिसर में छात्र को सम्मानित करने का दौर

परागपुर। राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय तिरुपति (आंध्र प्रदेश) द्वारा विगत दिवस आयोजित अखिल भारतीय संस्कृत विश्वविद्यालय प्रायोगिक योग प्रतियोगिता में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर बलाहर की शिक्षा शास्त्र विद्याशाखा (शिक्षाशास्त्री) चतुर्थ सत्रार्द्ध में अध्ययनरत छात्र साहिल अत्री ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक हासिल किया। जिला चंबा निवासी साहिल अत्री ने इससे पूर्व भी अनेक बार वेदव्यास परिसर की ओर से योग प्रतियोगिताओं में भाग ग्रहण करते हुए परिसर एवं विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर परिसर निदेशिका प्रो. सत्यम कुमारी एवं सहनिदेशक प्रो. मञ्जुनाथ भट्ट ने परिसर का गौरव बढाने पर द्वितीय स्थान प्राप्त साहिल अत्री एवं मार्गदर्शिका डा. दर्शनाराय सहित समस्त आठ प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रदान कीं।

पंजाब केसरी
THU,19 FEBRUARY 2026
EDITION: KANGRA KESARI, PAGE NO. 3

तिरुपति में वेदव्यास परिसर का छात्र दूसरे स्थान पर

रक्कड़, 18 फरवरी (आनंद): राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय तिरुपति (आंध्र प्रदेश) द्वारा विगत दिवस आयोजित अखिल भारतीय संस्कृत विश्वविद्यालय प्रायोगिक योग प्रतियोगिता में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर बलाहर की शिक्षा शास्त्र विद्या शाखा (शिक्षा शास्त्री चतुर्थ सत्रार्द्ध) में अध्ययनरत छात्र साहिल अत्री ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक हासिल किया।

जिला चम्बा निवासी साहिल अत्री ने इससे पूर्व भी अनेक बार वेदव्यास परिसर की ओर से योग प्रतियोगिताओं में भाग ग्रहण करते हुए परिसर एवं विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर परिसर निदेशिका प्रो. सत्यम कुमारी एवं सह निदेशक प्रो. मञ्जुनाथ भट्ट ने परिसर का गौरव बढ़ाने पर साहिल अत्री एवं मार्गदर्शिका डॉ. दर्शनाराय सहित समस्त 8 प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी हैं।

रक्कड़ : प्रतिभागी को सम्मानित करते हुए सह निदेशक प्रो. मञ्जुनाथ भट्ट। (आनंद)

वेदव्यास परिसर में मनाया मातृभाषा दिवस

सवेरा न्यूज/प्रदीप ठाकुर

रक्कड़, 24 फरवरी: केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में विश्व मातृभाषा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के आचार्य प्रो.बृहस्पति मिश्र सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर निदेशक प्रो सत्यम कुमारी ने किया। कार्यक्रम के संयोजक डा. ओमप्रकाश साहनी तथा सह-संयोजक पीयूष त्रिपाठी रहे।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि हमें अपने व्यावहारिक कार्य अपने मातृभाषा में करते हुए संकोच नहीं करना चाहिए। कार्यक्रम में परिसर में कार्यरत समस्त शिक्षक,कर्मचारी व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

बलाहर में शिविर आयोजित, 90 यूनिट रक्त जुटाया

रक्कड़/परागपुर (कांगड़ा)। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेदव्यास परिसर (बलाहर) में बुधवार को एनएसएस यूनिट-2 द्वारा भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में टांडा मेडिकल कॉलेज की टीम ने 90 यूनिट रक्त एकत्रित किया। शिविर संयोजक अमित वालिया ने बताया कि विद्यार्थियों और शिक्षकों ने इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लिया। हालांकि, 60 से 70 छात्र खून की कमी, कम वजन या 18 वर्ष से कम आयु होने के कारण रक्तदान नहीं कर सके। टांडा ब्लड बैंक की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंजलि ने बताया कि सुरक्षित रक्तदान के लिए व्यक्ति का हीमोग्लोबिन 12.5 ग्राम से अधिक और आयु 18 वर्ष से ऊपर होनी अनिवार्य है। इस अवसर पर निदेशक सत्यम कुमारी, सहायक निदेशक प्रोफेसर मंजूनाथ, शिक्षा शास्त्री विभाग के प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. सत्यदेव, डॉ. पुरुषोत्तम, डॉ. भूपेंद्र ओझा, डॉ. विजय कुमार मीणा, डॉ. लोकेश कुमार और डॉ. किशन द्विवेदी आदि मौजूद रहे। संवाद

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में 90 यूनिट ब्लड किया डोनेट

रक्कड़: ब्लड डोनेशन कैंप के दौरान अमित वालिया व सहयोगी। (आनंद)

रक्कड़, 25 फरवरी (आनंद): केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में बुधवार को एन.एस.एस. यूनिट 2 द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें टांडा मैडीकल कॉलेज के ब्लड बैंक की टीम ने हिस्सा लिया। जानकारी देते हुए एन.एस.एस. के कार्यक्रम अधिकारी एवं कैंप के संयोजक अमित वालिया ने बताया कि शिविर के दौरान परिसर के छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।

उन्होंने बताया कि कुल 90 यूनिट ब्लड टांडा मैडीकल कॉलेज की ब्लड बैंक की टीम को डोनेट किया गया। वहीं 60 से 70 स्टूडैंट इस रक्तदान शिविर में रक्त देने से वंचित रह गए, क्योंकि कुछ छात्र-छात्राओं में खून की कमी पाई गई, कुछ अंडरवेट निकले तो कुछ अंडर एज (18 वर्ष से कम) निकले।

वहीं टांडा ब्लड बैंक की टीम के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंजलि ने बताया की किसी भी रक्तदान शिविर में रक्त देने के लिए किसी भी व्यक्ति के अंदर 12.5 ग्राम से ज्यादा खून होना चाहिए। इस अवसर पर वेदव्यास परिसर की निदेशक सत्यम कुमारी, सहायक निदेशक प्रोफैसर मंजूनाथ, शिक्षा शास्त्री विभाग के प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. सत्यदेव, डॉ. पुरुषोत्तम, डॉ. महिपाल सिंह सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अमित वालिया, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. शक्तिशरण शर्मा, अमरचंद, डॉ. हरिओम शर्मा, डॉ. भूपेंद्र ओझा, डॉ. विजय कुमार मीणा, डॉ. लोकेश कुमार, डॉ. किशन द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

केंद्रीय संस्कृत विवि वेदव्यास परिसर में मनाया वार्षिक उत्सव

बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में शुक्रवार को प्रस्तुति देती छात्राएं • सौ. संस्थान

संवाद सूत्र, जागरण • परागपुर : केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के तत्वावधान में बलाहर के वेदव्यास परिसर में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। समारोह में मुख्यातिथि दिल्ली स्थित मुख्यालय से अनुसंधान के एसोसिएट डीन प्रो गणेश टी. पंडित ने शिरकत की।

आर्ट आफ लिविंग के प्रदेश संयोजक राजेश कुमार व प्रदेश इंटरनेट मीडिया संयोजक हुक्म रघुवंशी भी मौजूद रहे। इस दौरान अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने की। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए। परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्रों की प्रतिभा का चहुंमुखी विकास होता है।

Kangra Kesari

Feb 26, 2026

पंजाब केसरी

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में 90 यूनिट ब्लड किया डोनेट

रक्कड़: ब्लड डोनेशन कैंप के दौरान अमित वालिया व सहयोगी। (आनंद)

रक्कड़, 25 फरवरी (आनंद): केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में बुधवार को एन.एस.एस. यूनिट 2 द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें टांडा मैडीकल कॉलेज के ब्लड बैंक की टीम ने हिस्सा लिया। जानकारी देते हुए एन.एस.एस. के कार्यक्रम अधिकारी एवं कैंप के संयोजक अमित वालिया ने बताया कि शिविर के दौरान परिसर के छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।

उन्होंने बताया कि कुल 90 यूनिट ब्लड टांडा मैडीकल कॉलेज की ब्लड बैंक की टीम को डोनेट किया गया। वहीं 60 से 70 स्टूडैंट इस रक्तदान शिविर में रक्त देने से वंचित रह गए, क्योंकि कुछ छात्र-छात्राओं में खून की कमी पाई गई, कुछ अंडरवेट निकले तो कुछ अंडर एज (18 वर्ष से कम) निकले।

वहीं टांडा ब्लड बैंक की टीम के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंजलि ने बताया की किसी भी रक्तदान शिविर में रक्त देने के लिए किसी भी व्यक्ति के अंदर 12.5 ग्राम से ज्यादा खून होना चाहिए। इस अवसर पर वेदव्यास परिसर की निदेशक सत्यम कुमारी, सहायक निदेशक प्रोफैसर मंजूनाथ, शिक्षा शास्त्री विभाग के प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. सत्यदेव, डॉ. पुरुषोत्तम, डॉ. महिपाल सिंह सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अमित वालिया, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. शक्तिशरण शर्मा, अमरचंद, डॉ. हरिओम शर्मा, डॉ. भूपेंद्र ओझा, डॉ. विजय कुमार मीणा, डॉ. लोकेश कुमार, डॉ. किशन द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

का नेतृत्व खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनीता शर्मा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें रैली, रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता तथा फेस पेंटिंग प्रमुख रहे।

रक्कड़ (आनंद) : केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय बलाहर में राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट 2 एवं स्वास्थ्य विभाग खंड डाडासीबा के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को "वर्ल्ड टी.बी. डे" मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान बी.एम.ओ. डाडासीबा डॉ. सतीश फोतेदार व डॉ. कोमल धीमान ने वहां उपस्थित छात्र-छात्राओं व स्टाफ को क्षय रोग के बारे में जानकारी प्रदान की।

संस्कृत विश्वविद्यालय में विद्यार्थी किए सम्मानित

परागपुर (कांगड़ा)। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के तत्वावधान में बलाहर के वेदव्यास परिसर में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव मनाया। दिल्ली स्थित मुख्यालय से अनुसंधान के एसोसिएट डीन प्रो. गणेश टी पंडित बतौर मुख्यातिथि पहुंचे। विशिष्ट अतिथि के रूप में आर्ट ऑफ लिविंग के प्रदेश संयोजक राजेश कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक डॉ. ओम प्रकाश साहनी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। वर्षभर विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित किया। एनएसएस यूनिट-2 ने पिछले माह आयोजित शिविर में रक्तदान करने वाले शिक्षकों और विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने की। विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों की प्रतिभा का चहुंमुखी विकास होता है। इस अवसर पर हुक्म रघुवंशी सहित समस्त शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मचारी और विद्यार्थी मौजूद रहे। संवाद

खेल गतिविधियों में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

रक्कड़ : खिलाड़ी तथा शिक्षक सामूहिक चित्र में। (आनंद)

रक्कड़, 30 मार्च (आनंद): केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में सोमवार को होस्टल दे कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें खेलकूद के कुछ इवैंट करवाए गए।

क्रीड़ा विभाग के सहायक निदेशक डॉ. गौतम चौधरी ने बताया कि खेलकूद के इन इवैंट्स में लड़कियों की खो-खो, लड़कों की वालीबाल, कबड्डी व 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर की दौड़ मुख्य रही। उन्होंने बताया कि मंगलवार को वेदव्यास परिसर में होस्टल डे के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।

डॉ. गौतम चौधरी ने बताया कि ये आयोजन केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास बरखेड़ी ने अपने कार्यकाल के दौरान आरंभ करवाए हैं और ये विश्वविद्यालय के समस्त परिसरों में आयोजित करवाए जाते हैं।

रक्कड़ : सह निदेशक प्रो. एस.जी. मञ्जुनाथ भट्ट व कार्यक्रम अधिकारी अमित वालिया छात्राओं को सम्मानित करते हुए। (आनंद)

रक्कड़ : संस्कृत विश्वविद्यालय बलाहर में आयोजित वार्षिकोत्सव में उपस्थित गण्यमान्य व (दाएं) मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन के स्टाफ सदस्य। (आनंद)

बलाहर में सम्मानित किए होनहार विद्यार्थी

रक्कड़, 28 मार्च (आनंद): संस्कृत विश्वविद्यालय बलाहर (वेदव्यास परिसर) में गत दिवस वार्षिकोत्सव मनाया गया।

समारोह में बतौर मुख्यातिथि दिल्ली स्थित मुख्यालय से अनुसंधान के एसोसिएट डीन प्रो. गणेश टी. पंडित ने शिरकत की। वहीं विशिष्टातिथि के रूप में आर्ट ऑफ लिविंग के प्रदेश संयोजक राजेश कुमार उपस्थित रहे। सरस्वतिथि के रूप में आर्ट ऑफ लिविंग के प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक हुक्म रघुवंशी ने इस कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम के संयोजक डा. ओम प्रकाश साहनी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

वहीं वर्ष भर में विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे विद्यार्थियों को स्मृतिचिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। एन.एस.एस. यूनिट-2 द्वारा गत माह लगाए गए रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वाले शिक्षकों व विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

उसके उपरांत विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों की प्रतिभा का चहुंमुखी विकास होता है। इस अवसर पर परिसर के समस्त शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

लक्की ड्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम व स्वास्थ्य जांच 7 को

धर्मशाला, 28 मार्च (ब्यूरो): जिला रैडक्रॉस सोसायटी कांगड़ा द्वारा 7 अप्रैल को पुलिस ग्राऊंड धर्मशाला में प्रात: 10 से सायं 6 बजे तक रैडक्रॉस मेले का आयोजन किया जाएगा।

सोसायटी के सचिव ओ.पी. शर्मा ने बताया कि यह मेला स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का भी महत्वपूर्ण मंच बनेगा। उन्होंने बताया कि मेले में स्वास्थ्य विभाग हिमाचल प्रदेश और आयुष विभाग के सहयोग से नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जाएंगे, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सामान्य रोगों की जांच, परामर्श, दवाइयां तथा स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी जाएगी।

किसानों के लिए विशेष जागरूकता स्टॉल लगाए जाएंगे, वहीं बच्चों और युवाओं के लिए रस्साकशी, म्यूजिकल चेयर तथा अन्य खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

पंजाब केसरी
SUN,29 MARCH 2026
EDITION: KANGRA KESARI, PAGE NO. 2

रक्कड़ : संस्कृत विश्वविद्यालय बलाहर में आयोजित वार्षिकोत्सव में उपस्थित गण्यमान्य व (दाएं) मेधावी विद्यार्थिय

बलाहर में सम्मानित किए होनहार विद्यार्थी

रक्कड़, 28 मार्च (आनंद): संस्कृत विश्वविद्यालय बलाहर (वेदव्यास परिसर) में गत दिवस वार्षिकोत्सव मनाया गया।

समारोह में बतौर मुख्यातिथि दिल्ली स्थित मुख्यालय से अनुसंधान के एसोसिएट डीन प्रो. गणेश टी. पंडित ने शिरकत की। वहीं विशिष्टातिथि के रूप में आर्ट ऑफ लिविंग के प्रदेश संयोजक राजेश कुमार उपस्थित रहे। सरस्वतिथि के रूप में आर्ट ऑफ लिविंग के प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक हुक्म रघुवंशी ने इस कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम के संयोजक डा. ओम प्रकाश साहनी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

वहीं वर्ष भर में विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे विद्यार्थियों को स्मृतिचिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। एन.एस.एस. यूनिट-2 द्वारा गत माह लगाए गए रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वाले शिक्षकों व विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

उसके उपरांत विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों की प्रतिभा का चहुंमुखी विकास होता है। इस अवसर पर परिसर के समस्त शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

पंजाब केसरी
MON,27 APRIL 2026
EDITION: KANGRA KESARI, PAGE NO. 2

स्वास्थ्य एवं शारीरिक फिटनैस के परीक्षण की दी जानकारी

रक्कड़, 26 अप्रैल (आनंद): केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स एक्सीलैंस सैंटर बलाहर में सी.एस.यू. स्पोर्ट्स इंटर्नशिप ड्राइव के अंतर्गत हैल्थ एंड फिजिकल हैल्थ असैसमैंट विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन कुलपति. प्रो. श्रीनिवास बरखेड़ी के मार्गदर्शन एवं परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी के पर्यवेक्षण में हुआ।

कार्यक्रम का समन्वयन यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स एक्सीलैंस सैंटर बलाहर के निदेशक(प्रभार) डॉ. गौतम चौधरी ने किया। डॉ. गौतम कुमार चौधरी ने बताया कि कार्यशाला में लगभग 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस दौरान प्रतिभागियों को स्वास्थ्य एवं शारीरिक फिटनैस के विभिन्न आकलन परीक्षण की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। यह कार्यशाला विद्यार्थियों व परिसर के स्टाफ में फिटनैस जागरूकता बढ़ाने एवं खेलों के प्रति रुचि विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

रक्कड़: परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी चैकअप करवाती हुईं। (आनंद)

BREAKING NEWS

न्यूज़ हिमाचल 24

न्यूज़ हिमाचल 24
सच की खोज

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में क्रीड़ा विभाग की कार्यशाला आयोजित

विषय – "हेल्थ एंड फिजिकल फिटनेस असेसमेंट" पर एक दिवसीय कार्यशाला

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर, बलाहर में सीएसयू स्पोर्ट्स इंटर्नशिप ड्राइव के तहत "**हेल्थ एंड फिजिकल फिटनेस असेसमेंट**" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।

यह कार्यशाला विश्वविद्यालय के कुलपति **प्रो. श्रीनिवास बरखेड़ी** के मार्गदर्शन एवं परिसर निदेशक **प्रो. सत्यम कुमारी** के पर्यवेक्षण में संपन्न हुई। कार्यक्रम का सफल संचालन यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर बलाहर के निदेशक (प्रभार) **डॉ. गौतम चौधरी** द्वारा किया गया।

डॉ. गौतम चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यशाला में लगभग **100** प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों को स्वास्थ्य एवं शारीरिक फिटनेस से जुड़े विभिन्न आकलन परीक्षणों की व्यावहारिक जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में स्पोर्ट्स प्रतिभागियों की भूमिका सराहनीय रही, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

यह कार्यशाला विद्यार्थियों एवं स्टाफ में फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाने और खेलों के प्रति रुचि विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुई।

इस अवसर पर परिसस के शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में **छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।**

फोटो कैप्शन:
परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी हेल्थ चेकअप के दौरान

यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर, बलाहर | आयोजन: एक दिवसीय कार्यशाला

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय बलाहर में फिटनेस पर कार्यशाला, छात्रों को मिला प्रायोगिक प्रशिक्षण

तहलका लाइव टाइम्स ब्यूरो, देहरा गोपीपुर

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर, बलाहर में स्पोर्ट्स (क्रीड़ा) विभाग द्वारा "हेल्थ एंड फिजिकल फिटनेस असेसमेंट" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला सीएसयू स्पोर्ट्स इंटर्नशिप ड्राइव के तहत सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास बरखेड़ी के मार्गदर्शन और परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी के निर्देशन में हुआ। वहीं, आयोजन का समन्वय यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर, बलाहर के निदेशक (प्रभार) डॉ. गौतम चौधरी द्वारा किया गया। डॉ. गौतम चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यशाला में करीब 100 प्रतिभागियों ने सक्रिय रुप से भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों को स्वास्थ्य और शारीरिक फिटनेस से जुड़े विभिन्न परीक्षणों की प्रैक्टिकल जानकारी दी गई, जिससे उन्हें अपनी फिटनेस का आकलन करने की समझ विकसित हुई। कार्यक्रम की सफलता में स्पोर्ट्स प्रतिभागियों की भूमिका भी उल्लेखनीय रही, जिन्होंने आयोजन को सुचारु रुप से संपन्न कराने में अहम योगदान दिया। यह कार्यशाला विद्यार्थियों और स्टाफ के बीच फिटनेस के प्रति जागरुकता बढ़ाने और खेल गतिविधियों के प्रति रुचि विकसित करने की दिशा में एक सार्थक पहल साबित हुई। कार्यक्रम में परिसर के शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में 100 युवाओं ने लिया प्रशिक्षण

गरली। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर बलाहर गरली में स्वास्थ्य और फिटनेस को लेकर बड़ा संदेश देते हुए स्पोर्ट्स क्रीड़ा विभाग ने एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। हेल्थ एंड फिजिकल फिटनेस अस्समेंट विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में करीब 100 प्रतिभागियों ने भाग लेकर स्वास्थ्य परीक्षण और फिटनेस के आधुनिक तरीकों की जानकारी हासिल की। कार्यशाला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.श्रीनिवास बरखेड़ी के मार्गदर्शन तथा परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी के पर्यवेक्षण में आयोजित हुई। कार्यक्रम का सफल संचालन यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर बलाहर के निदेशक प्रभार डा. गौतम चौधरी ने किया।

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय बलाहर में कार्यशाला का हुआ आयोजन

सवेरा न्यूज/प्रदीप ठाकुर रक्कड़, : केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर बलाहर में सी एस यू स्पोर्ट्स इंटर्नशिप ड्राइव के अंतर्गत हेल्थ एंड फिजिकल हेल्थ असेसमेंट विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो श्रीनिवास बरखेड़ी के मार्गदर्शन एवं परिसर निदेशक प्रो सत्यम कुमारी के पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का सफल समन्वयन यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर बलाहर के निदेशक(प्रभार) डा. गौतम चौधरी द्वारा किया गया।जानकारी देते हुए डॉ. गौतम कुमार चौधरी ने बताया कि इस कार्यशाला में लगभग 100 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों को स्वास्थ्य एवं शारीरिक फिटनेस के विभिन्न आकलन परीक्षणों की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में स्पोर्ट्स प्रतिभागियों की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही। जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। यह कार्यशाला विद्यार्थियों व परिसर के स्टाफ में फिटनेस जागरूकता बढ़ाने एवं खेलों के प्रति रुचि विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। इस अवसर पर परिसर के समस्त शिक्षक,कर्मचारी एवं काफी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

स्वास्थ्य और शारीरिक फिटनेस की दी जानकारी

रक्कड़ (कांगड़ा)। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर बलाहर में हेल्थ एंड फिजिकल हेल्थ असेस्मेंट विषय पर कार्यशाला हुई। कार्यशाला का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास बरखेड़ी के मार्गदर्शन एवं परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी के पर्यवेक्षण में हुआ। समन्वयन यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर बलाहर के निदेशक (प्रभार) डॉ. गौतम चौधरी ने किया। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में लगभग 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को स्वास्थ्य और शारीरिक फिटनेस के विभिन्न आकलन परीक्षणों की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। संवाद

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित परिसर में स्वास्थ्य की जांच करवातीं प्रो. सत्यम कुमारी परिसर निदेशक। स्रोतः संस्थान

केंद्रीय संस्कृत विवि बलाहर कैंपस में 100 युवाओं ने लिया प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान, गरली। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर बलाहर (गरली) में स्वास्थ्य और फिटनेस को लेकर स्पोर्ट्स (क्रीड़ा) विभाग ने एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। हेल्थ एंड फिजिकल फिटनेस असेसमेंट विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में करीब 100 प्रतिभागियों ने भाग लेकर स्वास्थ्य परीक्षण और फिटनेस के आधुनिक तरीकों की जानकारी हासिल की। कार्यशाला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास बरखेड़ी के मार्गदर्शन तथा परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी के पर्यवेक्षण में आयोजित हुई। कार्यक्रम का सफल संचालन यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर बलाहर के निदेशक (प्रभार) डॉ. गौतम चौधरी ने किया। प्रतिभागियों को शारीरिक क्षमता, स्वास्थ्य मानकों और फिटनेस से जुड़े विभिन्न परीक्षणों की व्यावहारिक जानकारी दी गई। युवाओं में जोश और उत्साह देखने लायक रहा। आयोजन में स्पोर्ट्स प्रतिभागियों ने भी अहम भूमिका निभाई, जिसकी सराहना की गई। यह कार्यशाला केवल प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं रही, बल्कि युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, खेलों से जुडने और फिटनेस के प्रति जागरूक करने का सशक्त अभियान साबित हुई। कार्यक्रम में शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। बलाहर कैंपस में फिटनेस का यह बिगुल अब युवाओं के लिए नई प्रेरणा बन गया है।

वेदव्यास बलाहर में बीएड छात्रों के लिए विशिष्ट लेक्चर

परागपुर। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर बलाहर में शिक्षा शास्त्री द्वितीय एवं चतुर्थ सत्र एवं पीएचडी छात्रों के लिए संस्कृत में अनुसंधान प्रकल्प विषय पर विशिष्ट व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें विश्वविद्यालय के नई दिल्ली स्थित मुख्यालय के संगणकीय भाषा विज्ञान प्रकाशन विभाग में सेवारत डा. प्रीति शुक्ला सहायकाचार्या मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहीं। शिक्षा शास्त्रविद्या शाखा में आयोजित इस व्याख्यान में अनेक अनुसंधान प्रकल्पों, शोधगंगा, शोधसिंधु, शोधशुद्धी, शोधचक्र, आईआरएनएस आदि विषयों के संदर्भ में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही भविष्य में क्रियात्मक अनुसंधान, बहुविषयक अनुसंधान, अंतर्विषयक अनुसंधान के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई । परिसर विभागीय प्राध्यापकों सहित बीएड विभागाध्यक्ष डा. सत्यदेव, कार्यक्रम संयोजिका डा. प्रतिज्ञा आर्या, डा. बलबीर सिंह मीणा, डा. हरि ओम और शोधछात्र निशा देवी,सरिता, नीलम, ज्योति, भावना व अंजलि आदि भी उपस्थित रहे।

हिमकोफेड अध्यक्ष ने केंद्रीय संस्कृत विवि के कुलसचिव से की शिष्टाचार भेंट

अनंत ज्ञान, परागपुर। हिमकोफेड अध्यक्ष विक्रम शर्मा डिक्की ने नई दिल्ली में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलसचिव से शिष्टाचार भेंट की। बैठक में हिमाचल प्रदेश में उच्च शिक्षा के विस्तार, कौशल विकास, रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों, शोध और नवाचार को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई। विक्रम शर्मा ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाना प्राथमिकता है। कुलसचिव ने भी हिमाचल में शिक्षा के विकास के लिए तकनीकी व शैक्षणिक सहयोग का आश्वासन दिया।

बलाहर में संस्कृत सप्ताह का समापन

रक्कड़ : कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि व स्टाफ। (निस)

रक्कड़, 31 अगस्त (निस): केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेदव्यास परिसर बलाहर में संस्कृत भारती हिमाचल प्रदेश न्यास व 15 स्थानीय संस्थाओं के सहयोग से आयोजित संस्कृत सप्ताह महोत्सव का सोमवार को समापन हुआ।

17 से 31 अगस्त तक चले महोत्सव के दौरान 145 विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें करीब 6,230 प्राध्यापकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों व स्थानीय लोगों ने भाग लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यालय स्तर पर 297 विद्यार्थियों ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया। समापन समारोह में पूर्व छात्रा रीना कुमारी मुख्यातिथि और पूर्व छात्रा एवं संस्कृत प्राध्यापिका मोनिका सारस्वत अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर के सहनिदेशक प्रो. मंजुनाथ एस.जी. ने की। प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर परिसरीय संस्कृत सप्ताह समिति के सभी सदस्य डा. पंकज, डा. प्रतिज्ञा आर्या, डा. गोविन्द शुक्ला, डा. हरि ओम, डा. विनोद शर्मा, डा. शैलेश कुमार तिवारी, डा. लकेश कुमार, वीरेन्द्र, विविध विद्या शाखाओं के संयोजक, आचार्यगण, समस्त कार्यालय कर्मचारी व छात्र उपस्थित रहे।



वेदव्यास परिसर द्वारा संस्कृत-सप्ताह-महोत्सव के अवसर पर 145 विविध कार्यक्रमों का सामूहिक समापन समारोह

सवेरा न्यूजः प्रदीप ठाकुर

रक्कड़, 31 अगस्त : केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेदव्यास परिसर बलाहर द्वारा संस्कृत भारती (हिमाचल प्रदेश) न्यास एवं स्थानीय 15 संस्थाओं के संयुक्त तत्त्वावधान में विगत 17 तारीख से 31 अगस्त तक आयोजित संस्कृत सप्ताह महोत्सव का समापन समारोह सोमवार को परिसर के भरतमण्डप में आयोजित किया गया।

समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि राजकीय उच्च विद्यालय सरड डोगरी में कार्यरत परिसर की पूर्व छात्रा रीना कुमारी ने शिरकत की।वहीं सारस्वतातिथि के रूप में राजकीय उच्च विद्यालय बढ़ूई में सेवारत परिसर की ही पूर्व छात्रा एवं वर्तमान में संस्कृत प्राध्यापिका कुमारी मोनिका शामिल हुई। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर सहनिदेशक प्रो.मञ्जुनाथ एस.जि. ने की। संस्कृत सप्ताह समिति के संयोजक डॉ. पंकज ने उपस्थित अतिथियों का परिचय प्रदान कर संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत आयोजित गतिविधियों का प्रास्ताविक कथन किया।

समापन कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रीनाकुमारी ने समुपस्थित सभागणों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कृत सप्ताह के अवसर पर जिस संस्था से मुझे शिक्षाप्राप्त करने का अवसर मिला, उसके द्वारा मुझे सम्मानित किया जाना मेरे लिए गौरव की बात है। मुख्यातिथि उद्बोधनोपरांत सारस्वतातिथि के रूप में उपस्थित परिसर की पूर्व छात्रा कुमारी मोनिका ने भी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि आज मेरे लिए गर्व का दिन है जो मुझे अपने अधीत परिसर में आकर सम्मानित किया गया।पुरस्कार वितरण के उपरांत परिसर के प्रभारी निदेशक व सहनिदेशक प्रो.मञ्जुनाथ एस.जि. ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में समस्त छात्रों, प्राध्यापकों व कर्मचारियों का संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार हेतु आवाहन करते हुए कहा कि हम सभी को इस भाषा के शास्त्रीय अध्ययन के साथ-साथ सामाजिक स्तर पर प्रचार-प्रसार की दृष्टि से यथासामर्थ्य योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में परिसर के इतिहास विषय के प्राध्यापक संस्कृत सप्ताह समिति के सदस्य डॉ. लकेश कुमार ने उपस्थित सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर परिसरीय संस्कृतसप्ताह समिति के सभी सदस्य डॉ.पंकज, डॉ.प्रतिज्ञा आर्या, डॉ.गोविन्दशुक्ला, डॉ.हरि ओम, डॉ.विनोदशर्मा, डॉ.शैलेशकुमारतिवारी, डॉ.लकेशकुमार, वीरेन्द्र, विविध विद्याशाखाओं के संयोजक, आचार्यगण, समस्त कार्यालय कर्मचारी व छात्र उपस्थित रहे,, कार्यक्रम का संचालन ज्योतिष विद्याशाखा के प्राध्यापक डॉ. शैलेश कुमार तिवारी ने किया।

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाया खेलोत्सव

सवेरा न्यूज/प्रदीप ठाकुर रक्कड़, 18 सितंबर: केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेदव्यास परिसर बलाहर में तीन दिवसीय खेलोत्सव का शुक्रवार को भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुल सचिव प्रो. मुरली कृष्णा मुख्यातिथि रहे और उन्होंने प्रतिभागी छात्रों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने की। संयोजक एवं क्रीड़ा विभाग निदेशक डॉ. गौतम कुमार चौधरी ने कहा कि खेलों से छात्रों का सर्वांगीण विकास संभव है। प्रतियोगिताओं में शतरंज, दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, बैडमिंटन, योग और डिस्कस थ्रो सहित कबड्डी, कुश्ती व खो-खो प्रतियोगिताएं हुईं।

शतरंज प्रतियोगिता में सादगी और अनमोल विजेता रहे

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया खेलोत्सव

गरली, 18 सितम्बर (सन्नी): केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेदव्यास परिसर बलाहर में 3 दिनों तक आयोजित हुए खेलोत्सव का शुक्रवार को समापन हुआ। इस अवसर पर उक्त विश्वविद्यालय के कुल सचिव प्रो. मुरली कृष्णा बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे।

उन्होंने प्रतिभागी छात्रों का उत्साहवर्धन किया। वहीं उन्होंने विश्वविद्यालय के विस्तार व आगामी कार्य योजना पर भी अपना महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। वहीं इस खेलोत्सव की अध्यक्षता परिसर की निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने की। उन्होंने कहा कि परिसर के स्थापना दिवस के अवसर पर खेलोत्सव का आयोजन जहां छात्रों को अनुशासित उत्साहित एवं कार्य कुशल बनाता है वहीं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से यह उत्सव एक सफल प्रयास है।

इस कार्यक्रम के संयोजक एवं वेदव्यास परिसर के क्रीड़ा विभाग के निदेशक डॉ. गौतम कुमार चौधरी ने कहा कि खेलों से ही छात्रों का सर्वांगीण विकास सम्भव है।

इस दौरान परिसर में विभिन्न क्रीड़ा व सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। अव्वल छात्रों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार राशि के द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। 3 दिनों तक चलीं इन क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में विजेता रहे खिलाड़ियों की सूची इस प्रकार है।

शतरंज प्रतियोगिता में शास्त्री द्वितीय वर्ष की छात्रा सादगी, लड़कियों की 100 मीटर दौड़ में वंशिका, लड़कों की 200 मीटर में आदित्य पंडित, लड़कियों की ऊंची कूद में रिया कुमारी, लड़कों के बैडमिंटन में धैर्य, योग में आदित्य व कृतिका, लड़कियों की 200 मीटर में मानसी, लड़कों के 1500 मीटर में अभय, लड़कियों के बैडमिंटन में आचार्य प्रथम वर्ष की सुनीता, 800 मीटर दौड़ में मोहित दुबे, 400 मीटर में साहिल, लंबी कूद में हर्ष, लड़कियों की लंबी कूद में नंदनी व डिस्कस थ्रो में अनीश शर्मा और लड़कों की शतरंज प्रतियोगिता में अनमोल विजेता रहे।

गरली : केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेदव्यास परिसर बलाहर में आयोजित 3 दिवसीय खेलोत्सव के समापन अवसर पर मुख्यातिथि कुल सचिव प्रो. मुरली कृष्णा, परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी व अन्य अतिथिगण विजेता छात्रों के साथ। (सन्नी)

लड़कियों की 100 मीटर दौड़ में वंशिका भागी सबसे तेज

गरली। शिक्षकों के साथ सामूहिक चित्र में खिलाड़ी

गरली । केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेदव्यास परिसर बलाहर में तीन दिनों तक आयोजित हुए खेलोत्सव का समापन हुआ। विश्वविद्यालय के कुल सचिव प्रो मुरली कृष्णा बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागी छात्रों का उत्साह वर्धन किया। निदेशक प्रो सत्यम कुमारी ने कहा कि उत्सव एक सफल प्रयास है। ` निदेशक डॉ गौतम कुमार चौधरी ने कहा कि खेलों से ही छात्रों का सर्वांगीण विकास सम्भव है। छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया। शतरंज में शास्त्री द्वितीय वर्ष की छात्रा सादगी, लड़कियों की 100 मीटर दौड़ में वंशिका, लड़कों की 200 मीटर में आदित्य पंडित अव्वल रहे। लड़कियों की ऊंची कूद में रिया कुमारी, लड़कों के बैडमिंटन में धैर्यएयोग में आदित्य व कृतिका, लड़कियों की 200 मीटर में मानसी, लड़कों के 1500 मीटर में अभय, लड़कियों के बैडमिंटन में आचार्य प्रथम वर्ष की सुनीताए800 मीटर दौड़ में मोहित दुबे, 400 मीटर में साहिल, लंबी कूद में हर्ष,लड़कियों की लंबी कूद में नंदनी व डिस्कस थ्रो में अनीश शर्मा और लड़कों के शतरंज में अनमोल विजेता रहे।

खेल प्रतिभाओं को मेडल और प्रमाण पत्र से नवाजा

गरली। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेदव्यास परिसर बलाहर में तीन दिवसीय खेल उत्सव का सोमवार को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ समापन हुआ। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। सम्मान मिलने पर परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। समापन समारोह में परिसर निदेशक प्रोफेसर सत्यम कुमारी, सहनिदेशक प्रोफेसर मंजूनाथ भट्ट, महिला संस्कृत अध्ययन केंद्र की निदेशक एवं साहित्य विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर मोहनी अरोड़ा तथा शारीरिक शिक्षा एवं खेल निदेशक डॉ. गौतम चौधरी मौजूद रहे। विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, आचार्य, सहायक आचार्य और छात्र-छात्राओं ने भी समारोह में भाग लिया। खेल उत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा, अनुशासन और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता का प्रदर्शन किया। बेहतर प्रदर्शन कर शीर्ष स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

पढ़ाई के साथ समाजसेवा में भी योगदान दें विद्यार्थी : प्रो. सत्यम

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेदव्यास परिसर बलाहर में मनाया एन.एस.एस. स्थापना दिवस

गरली : केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेदव्यास परिसर में एन.एस.एस. स्थापना दिवस के अवसर पर उपस्थित स्वयंसेवी। (सन्नी)

गरली, 24 सितम्बर (सन्नी): केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। परिसर के सहनिदेशक प्रो. मंजूनाथ भट्ट कार्यक्रम में विशिष्टातिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी एवं यूनिट-2 के संयोजक अमित वालिया तथा यूनिट-1 के संयोजक एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पंकज कुमार ने की। डॉ. पंकज कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया, जबकि अमित वालिया ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों और गतिविधियों की जानकारी दी।

अमित वालिया ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ समाजसेवा के क्षेत्र में भी अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि एन.एस.एस. विद्यार्थियों को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने और उन्हें निभाने का अवसर प्रदान करता है। विशिष्टातिथि प्रो. मंजूनाथ भट्ट ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग देश और समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा है, इसलिए विद्यार्थियों को अपनी ऊर्जा सकारात्मक गतिविधियों में लगानी चाहिए।

प्रो. सत्यम कुमारी ने विद्यार्थियों को पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के साथ-साथ एन.एस.एस. के माध्यम से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हम सभी समाज का हिस्सा हैं और हमें समाज के काम आना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया।

ज्वालामुखी में एन.एस.एस. स्थापना दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

ज्वालामुखी : स्थापना दिवस के मौके पर उपस्थित मुख्यातिथि एवं स्कूल के अध्यापक छात्रों के साथ। (कौशिक)

ज्वालामुखी, 24 सितम्बर (कौशिक): राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ज्वालामुखी में एन.एस.एस. स्थापना दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्या सोनिया दीवान की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में एन.एस.एस. प्रभारी स्वतंत्र वाला ने विद्यार्थियों को एन.एस.एस. के उद्देश्यों और समाजसेवा के महत्व की जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय परिसर से ज्वालामुखी बाजार तक जागरूकता रैली निकाली गई।

विद्यार्थियों ने स्वच्छता और निःस्वार्थ सेवा का संदेश देते हुए 'नॉट मी, बट यू' के आदर्श वाक्य के माध्यम से समाज कल्याण को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। इस दौरान उपप्रधानाचार्या पुनीता सूद, एन.एस.एस. प्रभारी स्वतंत्र वाला, स्वच्छता प्रभारी विजय कुमार (पी.ई.टी.), मीना (डी.पी.ई.) सहित स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

विजेता खिलाड़ियों को मैडल व प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

गरली : बलाहर स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में खेलोत्सव-2026 के समापन अवसर पर पुरस्कार प्राप्त करने के बाद विजेता छात्र-छात्राएं परिसर निदेशक एवं प्राध्यापकों के साथ। (सन्नी)

गरली, 21 सितम्बर (सन्नी): केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में विगत 3 दिनों से चल रहे भव्य खेल उत्सव-2026 का सोमवार को विधिवत समापन हो गया। समापन समारोह के दौरान पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता परिसर निदेशक प्रोफैसर सत्यम कुमारी ने की। इस दौरान प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता खिलाड़ियों को मैडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सह-निदेशक प्रोफैसर मंजूनाथ भट्ट, महिला संस्कृत अध्ययन केंद्र की निदेशक एवं साहित्य विभाग की अध्यक्ष प्रोफैसर मोहनी अरोड़ा, शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग के निदेशक डॉ. गौतम चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

पढ़ाई के साथ समाजसेवा में भी योगदान दें विद्यार्थी : प्रो. सत्यम

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेदव्यास परिसर बलाहर में मनाया एन.एस.एस. स्थापना दिवस

गरली : केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेदव्यास परिसर में एन.एस.एस. स्थापना दिवस के अवसर पर उपस्थित स्वयंसेवी। (सन्नी)

गरली, 24 सितम्बर (सन्नी): केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। परिसर के सहनिदेशक प्रो. मंजूनाथ भट्ट कार्यक्रम में विशिष्टातिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी एवं यूनिट-2 के संयोजक अमित वालिया तथा यूनिट-1 के संयोजक एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पंकज कुमार ने की। डॉ. पंकज कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया, जबकि अमित वालिया ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों और गतिविधियों की जानकारी दी।

अमित वालिया ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ समाजसेवा के क्षेत्र में भी अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि एन.एस.एस. विद्यार्थियों को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने और उन्हें निभाने का अवसर प्रदान करता है। विशिष्टातिथि प्रो. मंजूनाथ भट्ट ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग देश और समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा है, इसलिए विद्यार्थियों को अपनी ऊर्जा सकारात्मक गतिविधियों में लगानी चाहिए।

प्रो. सत्यम कुमारी ने विद्यार्थियों को पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के साथ-साथ एन.एस.एस. के माध्यम से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हम सभी समाज का हिस्सा हैं और हमें समाज के काम आना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया।

ज्वालामुखी में एन.एस.एस. स्थापना दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

ज्वालामुखी : स्थापना दिवस के मौके पर उपस्थित मुख्यातिथि एवं स्कूल के अध्यापक छात्रों के साथ। (कौशिक)

ज्वालामुखी, 24 सितम्बर (कौशिक): राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ज्वालामुखी में एन.एस.एस. स्थापना दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्या सोनिया दीवान की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में एन.एस.एस. प्रभारी स्वतंत्र वाला ने विद्यार्थियों को एन.एस.एस. के उद्देश्यों और समाजसेवा के महत्व की जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय परिसर से ज्वालामुखी बाजार तक जागरूकता रैली निकाली गई।

विद्यार्थियों ने स्वच्छता और निःस्वार्थ सेवा का संदेश देते हुए 'नॉट मी, बट यू' के आदर्श वाक्य के माध्यम से समाज कल्याण को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। इस दौरान उपप्रधानाचार्या पुनीता सूद, एन.एस.एस. प्रभारी स्वतंत्र वाला, स्वच्छता प्रभारी विजय कुमार (पी.ई.टी.), मीना (डी.पी.ई.) सहित स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

न्यूज़ हिमाचल 24 रककड़ रिपोर्ट - प्रदीप ठाकुर

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में पुरस्कार वितरण समारोह का हुआ आयोजन

बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में तीन दिवसीय खेल उत्सव का हुआ समापन, विजेताओं को मिले मेडल

• 2026 • कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश •

खबर

बलाहर/देहरा गोपीपुर (कांगड़ा)। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में विगत तीन दिनों तक चले खेल उत्सव का सोमवार को समापन हुआ। समापन अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी, सहायक निदेशक प्रो. मंजूनाथ भट्ट, प्रो. मोहनी अरोड़ा, खेल निदेशक डॉ. गौतम चौधरी सहित सभी विभागाध्यक्ष, आचार्य व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। 3 दिनों तक चली प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस दौसा दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी हुई।

विजेता खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

संस्कृत विश्वविद्यालय में पुरस्कार वितरण समारोह

सवेरा न्यूज/प्रदीप ठाकुर रक्कड़ : केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में विगत तीन दिनों तक चल रहे खेल उत्सव का सोमवार को विधिवत समापन कर दिए गया। इस अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें परिसर निदेशक प्रोफेसर सत्यम कुमारी, सहानिदेशक प्रोफेसर मंजूनाथ भट्ट, महिला संस्कृत अध्ययन केंद्र की निदेशक एवं साहित्य विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर मोहनी अरोड़ा, शारीरिक शिक्षा एवं खेल निदेशक डॉक्टर गौतम चौधरी सहित समस्त विभागों के विभाग अध्यक्ष, समस्त आचार्य, सहायक आचार्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर 3 दिनों तक चली खेलकूद प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे खिलाड़ी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। वहीं इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी की गई।

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में एनएसएस स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

सवेरा न्यूज/प्रदीप ठाकुर रक्कड़, : केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में एनएसएस स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी तथा विशिष्ट अतिथि सहनिदेशक प्रो. मंजूनाथ भट्ट रहे। अध्यक्षता एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एवं यूनिट-2 संयोजक अमित वालिया तथा यूनिट-1 संयोजक डॉ. पंकज कुमार ने की। अमित वालिया ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ समाज सेवा में योगदान देने का आह्वान किया।

Kangra Kesari

Sep 25, 2026

पंजाब केसरी

पढ़ाई के साथ समाजसेवा में भी योगदान दें विद्यार्थी : प्रो. सत्यम

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेदव्यास परिसर बलाहर में मनाया एन.एस.एस. स्थापना दिवस

गरली, 24 सितम्बर (सन्नी): केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। परिसर के सहनिदेशक प्रो. मंजूनाथ भट्ट कार्यक्रम में विशिष्टातिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी एवं यूनिट-2 के संयोजक अमित वालिया तथा यूनिट-1 के संयोजक एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पंकज कुमार ने की। डॉ. पंकज कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया, जबकि अमित वालिया ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों और गतिविधियों की जानकारी दी।

गरली : केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेदव्यास परिसर में एन.एस.एस. स्थापना दिवस के अवसर पर उपस्थित स्वयंसेवी। (सन्नी)

अमित वालिया ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ समाजसेवा के क्षेत्र में भी अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि एन.एस.एस. विद्यार्थियों को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने और उन्हें निभाने का अवसर प्रदान करता है। विशिष्टातिथि प्रो. मंजूनाथ भट्ट ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग देश और समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा है, इसलिए विद्यार्थियों को अपनी ऊर्जा सकारात्मक गतिविधियों में लगानी चाहिए।

प्रो. सत्यम कुमारी ने विद्यार्थियों को पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के साथ-साथ एन.एस.एस. के माध्यम से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हम सभी समाज का हिस्सा हैं और हमें समाज के काम आना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया।

ज्वालामुखी में एन.एस.एस. स्थापना दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

ज्वालामुखी : स्थापना दिवस के मौके पर उपस्थित मुख्यातिथि एवं स्कूल के अध्यापक छात्रों के साथ। (कौशिक)

ज्वालामुखी, 24 सितम्बर (कौशिक): राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ज्वालामुखी में एन.एस.एस. स्थापना दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्या सोनिया दीवान की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में एन.एस.एस. प्रभारी स्वतंत्र वाला ने विद्यार्थियों को एन.एस.एस. के उद्देश्यों और समाजसेवा के महत्व की जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय परिसर से ज्वालामुखी बाजार तक जागरूकता रैली निकाली गई।

विद्यार्थियों ने स्वच्छता और नि:स्वार्थ सेवा का संदेश देते हुए 'नॉट मी, बट यू' के आदर्श वाक्य के माध्यम से समाज कल्याण को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। इस दौरान उपप्रधानाचार्या पुनीता सूद, एन.एस.एस. प्रभारी स्वतंत्र वाला, स्वच्छता प्रभारी विजय कुमार (पी.ई.टी.), मीना (डी.पी.ई.) सहित स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

हिंदी के रंगों से सजा वेदव्यास परिसर

देहरा गोपीपुर। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेदव्यास परिसर, बलाहर मे एक से 30 सितंबर तक आयोजित हिंदी माह कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। परिसर निदेशक डॉ. सत्यम कुमारी एवं सह-निदेशक प्रो. मञ्जुनाथ एस. जी. के मार्गदर्शन, डॉ. पीयूष त्रिपाठी के संयोजन और डॉ. ओमप्रकाश साहनी के समन्वय में आयोजित कार्यक्रम में 85 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। हिंदी माह के दौरान निबंध लेखन, कहानी लेखन, कविता पा आशु भाषण और पोस्टर मेकिंग सहित कुल 11 प्रतियोगिताएं करवाई गईं प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं और प्रतिभागियों पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. विमलेश मिश्र, विभागाध्यक्ष हिंदी एवं पत्रकारिता विभाग ने हिंदी के वैश्विक महत्व पर प्रक डालते हुए कहा कि हिंदी भाषा समावेशी प्रकृति की है और अन्य भाषाओं शब्दों को सहजता से अपनाती है। कार्यक्रम के आरंभ में संयोजक डॉ. पी त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि समन्वयक डॉ. ओमप्रकाश साहनी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

लगातार हो रहा हिंदी का विस्तार : विमलेश

देहरा : केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर बलाहर में एक से 30 सितंबर तक आयोजित हिंदी माह कार्यक्रम.बुधवार को संपन्न हो गया। मुख्य अतिथि प्रो . विमलेश मिश्र ने हिंदी के वैश्विक महत्व पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि हिंदी की विशेषता यह है कि वह दूसरी भाषाओं के शब्दों को भी सहजता से स्वीकार करती है। इसी कारण अन्य भाषाओं के शब्दों के समावेश से हिंदी का विस्तार लगातार बढ़ रहा है। परिसर निदेशक डा . सत्यम कुमारी और सह निदेशक मंजूनाथ के निर्देशन और डा . पीयूष त्रिपाठी के संयोजन व डा . ओमप्रकाश साहनी के समन्वय में आयोजित कार्यक्रम के तहत निबंध लेखन, कहानी लेखन, कविता पाठ, आशुभाषण और पोस्टर सहित कई प्रतियोगिताएं करवाई गईं। परिसर निदेशक ने कहा कि हिंदी के माध्यम से संस्कृत ग्रंथों में निहित गूढ रहस्यों को भी अधिक से अधिक लोगों तक आसानी से पहुंचाया जा सकता है। (संस)